(b) Does not arise.

Fake Notes recovered in Andhra Pradesh

1169. SHRI S. A. AGADI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that more than ninety lakhs worth of fake currency notes were recovered from the residence of a top ranking police official in Andhra Pradesh capital by the Central Intelligence Department;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action taken in the matter?

THE DEPUTY PRIME MINISTER AND MINISTER OF FINANCE (SHRI MORARJI DESAI): (a) No Sir.

(b) and (c). Do not arise.

अनुसूचित आदिम जातियों के विद्यार्थियों की छात्रवृत्तियां

1170. **श्री जगेश्वर यादव : क्या समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश में अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण तथा अनुसूचित आदिम जातियों के विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां देने के लिये विशेष अनुदान के रूप में चौथी पंचवर्षीय योजना में कितनी राशि नियत करने का प्रस्ताव है ?

समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती फूलरेणु गुह) : चतुर्थ योजना अब तक तैयार नहीं हुई है। चालू वर्ष में इस प्रयोजन के लिये 1.80 लाख रूपये नियत किए गए हैं।

डालमिया सीमेंट कारखाना द्वारा दिया गया आयकर

1171. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उड़ीसा, मद्रास तथा हरियाणा में स्थापित डालमिया समूह के सीमेंट कारखाने द्वारा कितना आय कर दिया जाता है ?

उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) :

राज्य	**सीमेंट के कारखाने का नाम**	**वित्तिय वर्ष 1966-67 में अदा किया गया कर (लाख रुपयों में)**
उड़ीसा	मेसर्स उड़ीसा सीमेंट लिमिटेड	69.99
मद्रास	मैसर्स डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड	64.53
हरयाना	डालमिया-दादरी सीमेंट कम्पनी लिमिटेड	9.47

तेनूघाट-बोकारो नहर का निर्माण

1172. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या **सिंचाई और विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेनूघाट-बोकारो नहर के निर्माण कार्य पर कितना धन व्यय होने की संभावना है ;

(ख) इस नहर से कितने एकड़ भूमि की सिंचाई होगी ;

(ग) इस परियोजना के लिये केन्द्रीय सरकार का कितनी वित्तीय सहायता देने का विचार है; और

(घ) इस परियोजना के निर्माण का कार्य किस तारीख को आरम्भ किया गया